कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602 AISHE Code : C-21647

दुर्ग, दिनांक : 22.08.2025

# //प्रेस विज्ञप्ति//
# गर्ल्स कॉलेज में
# सम्मान समारोह का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में डॉ. राजेश पाण्डेय, क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा दुर्ग संभाग एवं प्राचार्य शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि सम्मान समारोह तो केवल औपचारिकताएँ होती है वास्तव में सम्मान तो दिलों में होता है। डॉ. पाण्डेय जी के प्रति हमारा सम्मान सदा रहा है और आगे भी रहेगा। वे सदैव सहज, सरल स्वभाव के रहे हैं तथा जरूरत पड़ने पर सदैव मार्गदर्शन करते रहे हैं। इनके कार्यकाल में दुर्ग संभाग में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य हुए जो उच्च शिक्षा के लिए एक अनूठी उपलब्धि है।

इस अवसर पर डॉ. राजेश पाण्डेय ने बहुत ही दार्शनिक विचारों द्वारा अपनी बात रखी। उन्होनें कहा कि मनुष्य को जो भी प्राप्त होता है वह ईश्वर द्वारा पूर्व निध्नारित होता है किन्तु हमें अपने पुरूषार्थ को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। जीवन में परेशानियाँ तो बहुत आती है उन्हें चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए आनंद के साथ सामना करते हुए आगे बढ़ते रहना चाहिए और जीवन को हर पल उत्सव के रूप में मनाना चाहिए। इस अवसर डॉ. अनुजा चौहान, विभागाध्यक्ष गणित ने भी अपने विचार रखे।

इस अवसर पर डॉ. राजेश पाण्डेय जी का शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अतिथि प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ. मिलिन्द अमृतफले विभागाध्यक्ष संगीत ने किया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

डॉ. रंजना श्रीवास्तव
प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)



